टेडेक्स का आठवां संस्करण 11 को

रांची। आईआईएम रांची में टेडेक्स का आठवां संस्करण 11 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है। इस सीजन का विषय- सिक्के का तीसरा पहलू, है। सिक्के का तीसरा पक्ष उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जो अलग तरीके से काम करके एक विशिष्ट पहचान बनाते हैं। साथ ही उन लोगों का भी प्रतिनिधित्व करता है, जिन्होंने दिखाया है कि सफलता और असफलता के अलावा भी जीवन में बहुत कुछ है।

इस बार के वक्ताओं में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी, शास्त्रीय नर्तक पद्मश्री डॉ आनंद शंकर जयंत, मिस इंडिया 2018 की फर्स्ट रनरअप व अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी, आविष्कारक और 166 नवाचारों श्रेय हासिल करनेवाले उद्धव कुमार भराली, भारतीय ओपन पैरा तैराकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद शम्स आलम शेख, मध्य प्रदेश कैडर के 2019 बैच के आईएएस सृष्टि जयंत देशमुख और अन्य हस्तियां शामिल हैं।

Hindustan, 30.11.2021, Pg. 06